दिन– शुक्रवार | दिनांक– 29/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने दरभंगा में आयोजित क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम के तहत उनचास हजार से अधिक लाभुकों के बीच एक हजार तीन सौ अट्ठासी करोड़ रूपये का ऋण वितरित किया।

02. श्रीमती सीतारामन ने कहा – सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध।

03. बिहार विधानसभा का शीतकालीन सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित। इस बार का सत्र काफी हंगामेदार रहा।

04. और, बीपीएससी की ओर से अनुशंसित प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक, विद्यालय अध्यापक और सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों की काउंसलिंग नौ दिसम्बर से होगी।

———————————————————————

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज दरभंगा के राज मैदान में आयोजित क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम के तहत ऋण वितरण समारोह में उनचास हजार एक सौ सैंतीस लाभुकों के बीच एक हजार तीन सौ अट्ठासी करोड़ रूपये का ऋण वितरित किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड–केसीसी योजना का विस्तार किया है। इसके अंतर्गत मत्स्य पालन, पशुपालन और अन्य क्षेत्र शामिल किए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और उन्हें आर्थिक रूप से समर्थ बनाना है।

———बाईट———

वित्त मंत्री ने कहा कि मिथिला क्षेत्र के प्रसिद्ध मखाना और मत्स्य उत्पादक किसानों को आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए बैंकों को आगे आना चाहिए।

———बाईट———

दरभंगा में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, स्थानीय सांसद गोपालजी ठाकुर और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इसके पूर्व वित्त मंत्री ने पटना में बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के

आठ ग्रामीण बैंकों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और ग्रामीण बैकों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल मधुबनी के झंझारपुर स्टेडियम में दूसरे क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में भाग लेंगी। श्रीमती सीतारामन मिथिला चित्रकला संस्थान में मिथिला चित्रकला के कलाकारों और पद्‌म पुरस्कार विजेताओं से भी बातचीत करेंगी।

———————————————————

बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही दोपहर बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर सहित अन्य मुद्दों पर विपक्षी सदस्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस पर सभाध्यक्ष नंद किशोर यादव ने विपक्षी सदस्यों से प्रश्नोत्तर काल चलने का अनुरोध किया। शोर गुल के बीच ही प्रश्नोत्तर काल शुरू हुआ। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने अजीत शर्मा के अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में कहा कि स्मार्ट मीटर सही तरीके से काम कर रहा है। जिस मीटर के खराब होने की शिकायत मिलती है, उसकी जांच कराई जाती है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर का निर्माण आईएसआई मानक के अनुसार हो रहा है। दूसरी पाली में सदस्यों ने गैर सरकारी संकल्प के तहत जनहित का मामला उठाया। इसके बाद सभाध्यक्ष ने सत्र के दौरान निबटाए गए विधायी कार्यों की जानकारी दी और सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दी।

———————————————————

विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने अपने संबोधन में कहा कि शीत सत्र में कुल पांच बैठके हुई। इस दौरान पांच राजकीय विधेयकों को स्वीकृति दी गई। सत्र के दौरान कुल नौ सौ चौंसठ प्रश्न प्राप्त हुए, जिसमें आठ सौ नौ प्रश्न स्वीकृत किये गये। श्री यादव ने सत्र के संचालन में सहयोग के लिए मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण और नेता विरोधी दल के साथ सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

———————————————————

इधर, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सदन को बताया कि वर्तमान सत्र में पांच विधेयक पारित किए गए हैं। इसमें बिहार माल और सेवा कर विधेयक, बेतिया राज की संपत्तियों को निहित करने बाला विधेयक, बिहार सरकारी परिसर विधेयक, बिहार खेल विश्वविद्यालय विधेयक, और बिहार विनियोग विधेयक

शामिल हैं। सभापति ने सदन को बताया कि परिषद के दो सौ आठवें सत्र में कुल पांच बैठकें आयोजित हुईं। उन्होंने महत्वूपर्ण विषयों पर वाद–विवाद में सहभागिता के लिए सदन के सभी सदस्यों को बधाई दी।

———————————————————————

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने देश के विकास में पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के योगदान पर प्रकाश डाला। उपसभापति ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी द्वारा आयोजित डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए डॉ. राजेंद्र प्रसाद के योगदान और जीवन के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने पर भी जोर दिया। उन्होंने समाज कल्याण में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के सामने आई बाधाओं का उल्लेख किया। इस अवसर पर प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने आकाशवाणी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपनी स्थापना के बाद से ही आकाशवाणी देश की आवाज बन गई है। उन्होंने कहा कि एक ओर आकाशवाणी ने समाचार प्रसारित करके प्रत्येक पीढ़ी में जागरूकता पैदा की है, वहीं दूसरी ओर अपने करोड़ों श्रोताओं के लिए रोचक और गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं। प्रसार भारती के सार्वजनिक प्रसारक के रूप में इसकी भूमिका संचार के किसी भी अन्य माध्यम की तुलना में अधिक व्यापक है। इस अवसर पर आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़ भी मौजूद थीं।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने बिहार सहित देश के तेईस राज्यों के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए लगभग तीन हजार तीन सौ करोड़ रुपये की चालीस परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं में सहरसा जिले की प्रसिद्ध मत्स्यगंधा झील का विकास और कैमूर जिले के करमचक इको–टूरिज्म एडवेंचर हब को भी विकसित किया जाएगा। मत्स्यगंधा झील में राजगीर के बाद राज्य का दूसरा ग्लास ब्रिज विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। वहीं, कैमूर का करमचक साहसिक पर्यटन में रूचि रखने वालों को आकर्षित करेगा। उपमुखमंत्री सम्राट चौधरी ने उत्तर और दक्षिण बिहार में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि इससे दोनों जिलों में स्थानीय लोगों को हस्तशिल्प, होटल और परिवहन जैसे क्षेत्रों में रोजगार मिलेगा।

———————————————————————

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जल्द ही स्नातक छात्रों के लिए डिग्री पाठ्यक्रमों की अवधि कम करने या उसे बढ़ाने का विकल्प प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने त्वरित और विस्तारित डिग्री कार्यक्रम के लिए मानक प्रचालन प्रक्रियाओं को मंजूरी दे दी है। आयोग के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने मीडिया को बताया कि त्वरित डिग्री कार्यक्रम से छात्रों को प्रति सेमेस्टर अतिरिक्त क्रेडिट अर्जित करके कम समय में तीन साल या चार साल की डिग्री हासिल करने में मदद मिलेगी।

———बाईट———

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में जनसंख्या अनुपात के अनुसार आठ सौ ग्यारह लोगों पर एक डॉक्टर कार्यरत है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग और राज्य चिकित्सा परिषदों में तेरह लाख छियासी हजार से अधिक एलोपैथिक डॉक्टर और छह लाख चौदह हजार आयुष डॉक्टर पंजीकृत हैं। श्रीमती पटेल ने कहा कि पिछले दसवर्षों में देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या तीन सौ सतासी से बढ़कर सात सौ अस्सी हो गई है। उन्होंने बताया कि दो हजार चौदह से अब तक एम.बी.बी.एस. की सीटों में एक सौ तीस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। देश में मेडिकल की कुल सीटें इक्यावन हजार तीन सौ अडतालीस से बढ़कर करीब एक लाख अठारह हजार हो गई हैं।

————————————————————————

केंद्र सरकार ने बताया है कि न्यायपालिका में न्यायाधीशों के पांच हजार छह सौ से अधिक पद रिक्त हैं। आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले पांच वर्षों में देश भर के विभिन्न उच्च न्यायालयों में लगभग पांच सौ न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई है। श्री मेघवाल ने कहा कि मौजूदा रिक्तियों को शीघ्र भरने के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि, संवैधानिक अदालतों के न्यायाधीशों की नियुक्ति कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच एक सतत प्रक्रिया है। इसके लिए राज्य और केंद्र दोनों स्तरों पर विभिन्न संवैधानिक अधिकारियों से परामर्श और अनुमोदन की आवश्यकता होती है।

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से अनुशंसित प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक, विद्यालय अध्यापक और सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण स्थानीय निकाय के शिक्षकों की काउंसलिंग नौ दिसम्बर से इकतीस दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की काउंसलिंग नौ से तेरह दिसम्बर तक होगी। वहीं, विद्यालय अध्यापक के तृतीय चरण में उत्तीर्ण शिक्षकों की काउंसलिंग सोलह से बीस दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी। जबकि सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों की काउंसलिंग तेईस से इकतीस दिसम्बर तक होगी। श्री सिद्धार्थ ने बताया कि शिक्षकों की यह काउंसलिंग उनके वर्तमान पदस्थापन वाले जिलों में की जाएगी।

———————————————————

पटना में आयोजित तीन दिवसीय बिहार डाक टिकट प्रदर्शनी के दूसरे दिन आज ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने डाक विभाग की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के लिए पूरे विभाग को धन्यवाद दिया। उन्होंने समाज के विकास के लिए आयोजित इस प्रकार की प्रदर्शनी की तारीफ़ भी की। इस मौके पर मुख्य अतिथि आचार्य किशोर कुणाल ने डाक विभाग की ओर से सनातन धर्म की विशेषताओं को प्रमाणिकताओं के साथ आगे बढ़ाने के लिए धन्यवाद भी दिया।

———————————————————

उत्तर पछुआ हवा के प्रवाह के कारण राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में रोहतास जिले का डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान नौ दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, घने कोहरे के कारण राज्य के विभिन्न भागों में सड़क, रेल और हवाई यातायात पर असर पड़ा है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना, के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि पटना और भागलपुर जिले में मध्यम से घना स्तर का कुहासा छाया रहा।

———बाईट———

———————————————————

अररिया जिले के बैरगाछी थाना पुलिस ने एक हजार लीटर से अधिक विदेशी शराब के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

समस्तीपुर नगर थाना क्षेत्र के पुरानी पोस्ट ऑफिस रोड स्थित एक आभूषण दुकान से एक करोड़ से अधिक रूपयें के आभूषण लूटकांड मामले में पुलिस की विशेष टीम ने पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

खगड़िया जिले के गोगरी अनुमंडल अवर निबंधक कार्यालय में कम्प्यूटर कर्मी के साथ मारपीट और कार्य अवरुद्ध करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने दरभंगा में आयोजित क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम के तहत उनचास हजार से अधिक लाभुकों के बीच एक हजार तीन सौ अट्ठासी करोड़ रूपये का ऋण वितरित किया।

02. श्रीमती सीतारामन ने कहा – सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध।

03. बिहार विधानसभा का शीतकालीन सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित। इस बार का सत्र काफी हंगामेदार रहा।

04. और, बीपीएससी की ओर से अनुशंसित प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक, विद्यालय अध्यापक और सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों की काउंसलिंग नौ दिसम्बर से होगी।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।